>

Title: Need to ensure grant of subsidy to farmers by NABARD in Amreli Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली एवं गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्रों में नाबार्ड द्वारा किसानों को वेयरहाऊसिंग सुविधा के लिए सब्सिडी प्रदान की जा रही है, जिससे किसान अपने खाद्यान्न को बरसात से बचा सकते हैं। यह अच्छी योजना है परन्तु इसको सही ढंग से लागू नहीं किया जा रहा है क्योंकि किसानों को सब्सिडी का भुगतान नहीं हो रहा है। इस संबंध में पता करने पर हमें बताया गया है कि केन्द्र सरकार ने पैसा नहीं दिया है जिसके कारण किसानों को नाबार्ड की वेयरहाऊसिंग सब्सिडी का भुगतान नहीं हो पा रहा है जिससे किसानों को अपने खाद्यान्न को स्टोर करने में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बैंकों से इन गोदामों को बनाने के लिए जो ऋण लिया है उन पर उनको ब्याज देना पड़ रहा है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि इस संबंध में आवश्यक जांच करवाये और केन्द्र सरकार इस संबंध में लम्बित धनराशि जो नाबार्ड को देनी है उसका भुगतान करे जिससे किसानों को सब्सिडी का भुगतान किया जा सके।

---

*Treated as laid on the Table.